भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. †2418

सोमवार, 3 अगस्त, 2026/12 श्रावण, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

पश्चिम मेदिनीपुर और जंगल महल में पर्यटन परियोजनाएं

†2418. श्रीमती जून मालिया:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान पश्चिम मेदिनीपुर और जंगल महल क्षेत्र के लिए स्वीकृत पर्यटन परियोजनाओं का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) परियोजना-वार स्वीकृत, जारी की गई और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति क्या है; और

(घ) वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान उक्त क्षेत्र के लिए प्रस्तावित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (घ): पर्यटन का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। हालांकि, पर्यटन मंत्रालय अपनी विभिन्न योजनाओं जैसे, 'स्वदेश दर्शन (एसडी)', 'स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0)', 'चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी)' - स्वदेश दर्शन के अंतर्गत एक पहल तथा 'तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद)' आदि के माध्यम से पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। यह सहायता योजना संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति, सरकारी निर्देशों और दिशानिर्देशों के अनुपालन, निधियों की उपलब्धता, परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन प्रदान की जाती है।

पश्चिम मेदिनीपुर और जंगल महल क्षेत्र के लिए पर्यटन मंत्रालय को कोई प्रस्ताव प्रस्तुत नहीं किया गया है।

*****